# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय

समग्र शिक्षा Samagra Shiksha

## समग्र शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ -226007

निपुण भारत

वेब-साइट: www.basiceducation.up.gov.in, ई-मेल: upefaspo@gmail.com दूरभाष: 0522-4024440, 2780384, 2781128

सेवा में,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः गुण0वि0/प्रिंटरिच सामग्री/ 4612 /2024-25 दिनांक 20.8 2024

विषयः **विद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रिंटरिच सामग्री के उपयोग सम्बन्धी दिशानिर्देश के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

"निपुण भारत मिशन" के अन्तर्गत बालवाटिका से कक्षा-2 तक के छात्र-छात्राओं में भाषायी एवं गणितीय दक्षताओं की समयबद्ध प्राप्ति हेतु विभिन्न गतिविधियों का कियान्वयन किया जा रहा है। समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2024-25 में पी0ए0बी0, भारत सरकार द्वारा अन्य गतिविधियों के साथ ही निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत प्रिंटरिच सामग्री एवं तालिका आदि के संबंध में अनुमोदन प्रदान किया गया है।

तत्कम में जेम के माध्यम से चयनित आपूर्तिकर्ता ($L_1$) द्वारा प्रिंटरिच सामग्री, तालिका एवं शिक्षक प्रशिक्षण हैण्डआउट का मुद्रण के उपरान्त जनपदों में आपूर्ति सुनिश्चित करायी जा चुकी है। इस संबंध में राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक-गुण0वि0/प्रिंटरिच सामग्री/2092/2024-25 दिनांक 10 जून, 2024 **(प्रति संलग्न)** द्वारा मुद्रित करायी गयी सामग्री का संक्षिप्त विवरण उल्लिखित करते हुये आपूर्तित समस्त शैक्षणिक सामग्री की विद्यालय स्तर तक आपूर्ति के संबंध में परिवहन आदि पर होने वाले व्यय के लिये धनराशि की लिमिट एवं निर्देश निर्गत किये गये हैं।

**2-** बच्चों को अपेक्षित लर्निंग आउटकम प्राप्त कराने में रोचक एवं बालकेन्द्रित शिक्षण-अधिगम प्रकिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रिंटरिच सामग्री के प्रयोग से बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को गति प्रदान किये जाने हेतु राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सामग्री के प्रयोग के संबंध में संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :-

1) **हिन्दी भाषा के 26 पोस्टर** : बच्चों में भाषायी दक्षताओं में अभिवृद्धि किये जाने के दृष्टिगत हिन्दी भाषा के 26 पोस्टर उपलब्ध कराये जा चुके हैं, जिनमें **08 कवितायें, 08 कहानियाँ** तथा **10 वार्तालाप चार्ट्स** हैं। इन कविताओं, कहानियों एवं पोस्टर का प्रयोग शिक्षकों द्वारा बच्चों को शिक्षाप्रद संदेश पहुँचाने तथा गतिविधि आधारित शिक्षण के उद्देश्य से किया जायेगा। इनके माध्यम से बच्चों में संवाद कौशल, रचनात्मकता तथा कल्पनाशीलता संबंधी दक्षताओं का विकास किया जायेगा।

भाषा शिक्षण से संबंधित चित्र चार्ट, कविता और कहानी पोस्टर आधारित शिक्षण कार्य की विस्तृत रणनीति को कक्षा 1 एवं 2 की आधारशिला कियान्वयन संदर्शिकाओं के **"कालांश 1 में कार्य करने की रणनीतियाँ"** में विस्तार से देखा जा सकता है।

2) **संख्या/गणितीय अवधारणा के 25 पोस्टर** : बच्चों में गणितीय कौशल में अभिवृद्धि किये जाने के दृष्टिगत गणित के 25 पोस्टर उपलब्ध कराये जा रहे हैं, जिनमें 09 गणित बोर्ड हैं। इनका प्रयोग बच्चों के साथ विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में किया जायेगा, जिससे कि उनमें कक्षावार गणितीय दक्षतायें विकसित हो सकें।

गणित शिक्षण से संबंधित पोस्टर और बोर्ड पर शिक्षण कार्य की रणनीति को कक्षावार शिक्षक संदर्शिकाओं के दिवसवार शिक्षण योजनाओं में देखा जा सकता है।

3) **निपुण तालिका (भाषा एवं गणित कक्षा 1 से 5 तक)** : रचनात्मक आकलन द्वारा बच्चों की भाषायी एवं गणितीय दक्षताओं की प्रगति ट्रैक करने तथा यथावश्यकतानुसार अनुसमर्थन प्रदान किये जाने के उद्देश्य से कक्षा 1 से 5 तक के लिए हिन्दी व गणित विषय की तालिकायें मुद्रण के उपरान्त उपलब्ध करायी जा चुकी हैं। इसमें विषयवार लर्निंग आउटकम के सापेक्ष विद्यार्थियों की प्रगति अंकित की जायेगी। राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक- 3950/ 2024-25 दिनांक 01 अगस्त, 2024 **(प्रति संलग्न)** द्वारा तालिका के प्रयोग के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश प्रेषित किये गये हैं।

**Note:** This document is only for the knowledge and bonafide use of the Department of Basic Education, UP Government. Any sharing, publication or reproduction of this document in print or digital form or communication of its contents in any other form by any unconcerned person, body, institute or third party without prior information and approval of the competent authority will be illegal & void ab initio and appropriate action shall be taken against him in accordance with relevant rules & regulations.

4) आधारशिला कियान्वयन संदर्शिकाओं में भाषा एवं गणित के तीनों कालांशों की 25 सप्ताहों की शिक्षण योजनायें दी गयी हैं, जिनकी सहायता से शिक्षण कार्य किया जाना है। इन शिक्षण योजनाओं में शिक्षण अधिगम सामग्रियों के उपयोग के साथ–साथ कालांशों के समय के अनुकूलतम उपयोग की रणनीति भी दी गयी है। शिक्षक संदर्शिका में साप्ताहिक आकलन ट्रैकर भी दिये गये हैं, जहाँ बच्चों की साप्ताहिक प्रगति को दर्ज किया जायेगा।

5) उपलब्ध कराये जा रहे हिन्दी भाषा के 26 पोस्टर्स यथा–08 कवितायें, 08 कहानियाँ एवं 10 वार्तालाप चार्ट्स तथा गणित विषय से संबंधित 25 पोस्टर्स का आवश्यकतानुसार प्राथमिक की अन्य कक्षाओं में भी प्रयोग किया जा सकता है।

**शिक्षक प्रशिक्षण हैण्डआउट** : शैक्षिक सत्र 2024–25 की शिक्षण रणनीति एवं कक्षावार निपुण दक्षताओं पर आधारित साप्ताहिक शिक्षण योजनाओं पर बेहतर समझ विकसित किये जाने के उद्देश्य से परिषदीय प्राथमिक शिक्षकों के उपयोगार्थ **शिक्षक प्रशिक्षण हैण्डआउट** उपलब्ध कराये गये हैं। यह बुकलेट शिक्षकों के स्वयं के उपयोगार्थ है। शिक्षक प्रशिक्षण हैण्डआउट्स का उपयोग शिक्षकों द्वारा एफ0एल0एन0 आधारित प्रशिक्षण में तथा प्रशिक्षण के उपरान्त कक्षा–शिक्षण में संदर्भ सामग्री के रूप में प्रयोग किया जायेगा। शिक्षकों द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण एवं शिक्षक संकुल बैठकों में संदर्शिका एवं शिक्षक प्रशिक्षण हैण्डआउट के प्रयोग के संबंध में विचार–विमर्श करते हुये प्रभावी कक्षा शिक्षण सुनिश्चित किया जाये।

**3– वितरण एवं अभिलेखीय रख–रखावः**

राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा उपलब्ध करायी जा रही प्रिंटरिच सामग्री की जनपदों में प्राप्ति के पश्चात विद्यालय स्तर तक आपूर्ति एवं वितरण का अभिलेखीकरण, सुरक्षित रख–रखाव तथा व्यय संबंधी उपभोग प्रमाण पत्र आदि के संबंध में राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक–गुण0वि0/प्रिंटरिच सामग्री/2092/2024–25 दिनांक 10 जून, 2024 द्वारा प्रेषित दिशा निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

अतः निर्देशित किया जाता है कि निपुण भारत मिशन के प्रभावी कियान्वयन एवं समयबद्ध लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु कक्षा शिक्षण में उपर्युक्त उल्लिखित शिक्षण सामग्री के प्रभावी प्रयोग के संबंध में सर्वसंबंधित को अपने स्तर से समुचित निर्देश देते हुए अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये।

संलग्नक–उक्तवत्।

भवदीया,

Kanchan

**(कंचन वर्मा)**
**राज्य परियोजना निदेशक**

**पृ0सं0: गुण0वि0/प्रिंटरिच सामग्री/4619/2024–25 तददिनाँक।**
**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष, जिला शिक्षा परियोजना समिति, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
2. शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश, निशातगंज, लखनऊ।
3. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, निशातगंज, लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
5. प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
6. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
7. खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त जनपद/विकासखण्ड, उत्तर प्रदेश।
8. जिला समन्वयक (प्रशिक्षण), समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

Kanchan

**(कंचन वर्मा)**
**राज्य परियोजना निदेशक**

# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय

समग्र शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ -226007

समग्र शिक्षा Samagra Shiksha

निपुण भारत

वेब-साइट: www.basiceducation.up.gov.in, ई-मेल: upefaspo@gmail.com दूरभाष: 0522-4024440, 2780384, 2781128


सेवा में,

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः गुण0वि0/प्रिंटरिच सामग्री/ 2092 /2024-25 दिनांकः 10 जून ~~मई~~, 2024

**विषयः <u>विद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रिंटरिच सामग्री के वितरण, रख-रखाव एवं उपयोग के सम्बन्ध में।</u>**

महोदय/महोदया,

आप अवगत हैं कि "निपुण भारत मिशन" के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु शासनादेश संख्या-1664/68-5-2021-182 दिनांक 23 दिसम्बर, 2021 एवं शासनादेश संख्या-1358/68-5-2022-182/2021 दिनांक 27 जून, 2022 निर्गत किये गये हैं, जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इस हेतु Measurable Goals भी निर्धारित किये गये हैं तथा वर्ष 2025-26 तक "निपुण लक्ष्य" प्राप्त किये जाने के संबंध में निर्देश निर्गत किये गये हैं।"निपुण भारत मिशन" के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निर्गत शासनादेश के अन्तर्गत **"विद्यालयों में कक्षा-कक्ष का वातावरण सुधारने एवं आकर्षक बनाने के लिये टी0एल0एम0 वर्क बुक, प्रिंटरिच सामग्री आदि शिक्षकों एवं बच्चों को उपलब्ध कराना"** एक प्रमुख घटक है।

**2-** समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2024-25 में पी0ए0बी0, भारत सरकार द्वारा निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत प्रिंटरिच सामग्री के मुद्रण हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। तत्क्रम में राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा जेम पोर्टल के माध्यम से चयनित आपूर्तिकर्ता द्वारा परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के उपयोगार्थ प्रिंटरिच सामग्री, तालिका एवं शिक्षक प्रशिक्षण हैण्डआउट्स के मुद्रणोपरान्त मुद्रित सामग्री की आपूर्ति जनपदों में माह जून, 2024 में की जायेगी।

**3-** बच्चों द्वारा अपेक्षित लर्निंग आउटकम को प्राप्त कराने में रोचक एवं बालकेन्द्रित शिक्षण-अधिगम प्रकिया की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रिंटरिच सामग्री के प्रयोग से बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को गति प्रदान किये जाने हेतु राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा **हिन्दी भाषा के 26 पोस्टर्स** (08 कहानी, 08 कविता एवं 10 वार्तालाप चार्ट्स), **गणित विषय से संबंधित 25 पोस्टर्स** (09 गणित बोर्ड, 16 गणित पोस्टर्स) एवं **निपुण तालिका** (भाषा एवं गणित कक्षा 1 से 5 तक) तथा शिक्षकों के उपयोगार्थ **शिक्षक प्रशिक्षण हैण्डआउट** मुद्रित कराकर जनपदों को उपलब्ध कराये जा रहे हैं। निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत उक्त शैक्षणिक सामग्री **संलग्न सूची** के अनुसार प्राथमिक विद्यालयों (कम्पोजिट विद्यालयों सहित) के उपयोगार्थ उपलब्ध करायी जा रही है। उक्त मुद्रित सामग्री का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :-

- **<u>हिन्दी भाषा के कुल 26 रंगीन पोस्टर्स</u>** उपलब्ध कराये जा रहे हैं, जिनमें हिन्दी कहानियों के 08 पोस्टर्स, हिन्दी की कविताओं के 08 पोस्टर्स तथा 10 वार्तालाप चार्ट्स हैं। इन कविताओं, कहानियों एवं वार्तालाप चार्ट्स का प्रयोग शिक्षकों द्वारा बच्चों को शिक्षाप्रद संदेश पहुँचाने तथा एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग के उद्देश्य से किया जायेगा।
- **<u>गणित के 25 पोस्टर्स/बोर्ड</u>** उपलब्ध कराये जा रहे हैं यथा-अवधारणा बोर्ड, संख्या बोर्ड, टेन फ्रेम, भाग व बंटवारा, माप-तौल, लम्बाई और धारिता, दैनिक जीवन में तकनीकी, संख्याओं की रेलगाड़ी एवं कैलेण्डर आदि। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में संख्या ज्ञान तथा गणितीय दक्षताओं की अभिवृद्धि एवं अवधारणाओं के विकास के लिये उक्त शैक्षणिक सामग्री का प्रयोग किया जायेगा।
- **<u>निपुण तालिका (भाषा एवं गणित कक्षा 1 से 5 तक)</u>** उपलब्ध करायी जा रही हैं, जिनमें भाषा एवं गणित की पाठ्य पुस्तकों (कक्षा 1 से 5) पर आधारित लर्निंग आउटकम से सम्बन्धित दक्षताओं का उल्लेख है। शिक्षक द्वारा कक्षानुरुप निपुण तालिका में दी गयी दक्षताओं पर बच्चों की प्रगति दर्ज की जायेगी।
- शैक्षिक सत्र 2024-25 की शिक्षण रणनीति एवं कक्षावार निपुण दक्षताओं पर आधारित साप्ताहिक शिक्षण योजनाओं पर बेहतर समझ विकसित करने के लिय परिषदीय प्राथमिक शिक्षकों के उपयोगार्थ **शिक्षक प्रशिक्षण हैण्डआउट्स** उपलब्ध कराये जा रहे हैं।


**Note:** This document is only for the knowledge and bonafide use of the Department of Basic Education, UP Government. Any sharing, publication or reproduction of this document in print or digital form or communication of its contents in any other form by any unconcerned person, body, institute or third party without prior information and approval of the competent authority will be illegal & void ab initio and appropriate action shall be taken against him in accordance with relevant rules & regulations.

4— निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के उपयोगार्थ उपलब्ध करायी जा रही प्रिंटरिच सामग्री, तालिका एवं शिक्षक प्रशिक्षण हैण्डआउट्स के वितरण आदि के संबंध में निम्नवत् निर्देशित किया जाता है :—

1) उपलब्ध करायी जा रही समस्त सामग्री की जनपद में आपूर्ति के **एक सप्ताह के अन्दर** प्रत्येक परिषदीय प्राथमिक विद्यालय (कम्पोजिट विद्यालय सहित) में उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाये।

2) जिला परियोजना कार्यालय से जनपद के प्रत्येक परिषदीय प्राथमिक विद्यालय (कम्पोजिट विद्यालय सहित) स्तर तक मुद्रित सामग्री की ससमय आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने के लिये खण्ड शिक्षा अधिकारियों को अधिकृत करते हुए विकासखण्ड के कुल प्राथमिक विद्यालयों (कम्पोजिट विद्यालय सहित) की संख्या के आधार पर तत्काल धनराशि प्रेषित की जाये।

3) आपूर्तित समस्त शैक्षणिक सामग्री की विद्यालय स्तर तक आपूर्ति के संबंध में परिवहन आदि पर होने वाले व्यय के लिये रू0 75/—**(अधिकतम सीमा)** प्रति प्राथमिक विद्यालय (कम्पोजिट विद्यालय सहित) की दर से समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2024—25 में निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत Teaching Learning Materials for Implementation of Innovative Pedagogies मद में स्वीकृत धनराशि में से कुल रू0 83.68200 लाख की लिमिट जारी की जा रही है **(जनपदवार तालिका संलग्न)**। उक्त प्रेषित धनराशि का व्यय विवरण PMS Portal पर निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत Teaching Learning Materials for Implementation of Innovative Pedagogies मद में भरा जायेगा।

4) खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा जनपद मुख्यालय से अपने विकासखण्ड के सभी परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों (कम्पोजिट विद्यालय सहित) में समस्त शैक्षणिक सामग्री सुरक्षित ढ़ंग से पहुँचाने तथा परिवहन हेतु वाहन, लोडिंग/अनलोडिंग आदि का समुचित प्रबन्ध वित्तीय नियमों का अनुपालन करते हुए किया जाये।

5) उक्त धनराशि इस निर्देश के साथ प्रेषित की जा रही है कि उक्त संबंध में होने वाले वास्तविक व्यय का भुगतान वित्तीय नियमानुसार किया जाये। धनराशि के व्यय हेतु वित्त एवं लेखा संबंधी नियमों एवं प्रक्रियाओं का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

6) प्रेषित की जा रही धनराशि फाइनेंशियल मैनेजमेंट एवं प्रोक्योरमेंट 2018 की निर्धारित प्रक्रिया एवं प्राविधानों के अनुसार व्यय की जाये तथा व्यय से संबंधित बिल/वाउचर कार्यालय में सुरक्षित रखे जायें।

7) विद्यालय स्तर तक समस्त शैक्षणिक सामग्री की आपूर्ति के पश्चात प्राप्ति, वितरण एवं आपूर्ति से संबंधित सूचना राज्य परियोजना कार्यालय को **निर्धारित प्रारूप (संलग्नक—3)** पर **दिनांक 10 जुलाई, 2024** तक प्रेषित की जाये।

8) आपूर्तित सामग्री की प्राप्ति एवं वितरण का अभिलेखीकरण तथा सुरक्षित रख—रखाव सुनिश्चित कराया जाये। तद्नुसार समस्त जनपदों द्वारा व्यय संबंधी उपभोग प्रमाण पत्र **दिनांक 15 जुलाई, 2024** तक राज्य परियोजना कार्यालय को प्रेषित किया जाये।

अतः उपर्युक्तानुसार निर्देशित किया जाता है कि 'निपुण भारत मिशन' के प्रभावी कियान्वयन एवं लक्ष्य प्राप्ति हेतु मुद्रित करायी गयी शैक्षणिक सामग्री का वितरण समस्त परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों (कम्पोजिट विद्यालयों सहित) में निर्धारित समयावधि में कराया जाये। इस संबंध में सर्वसंबंधित को अपने स्तर से निर्देशित करना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक—उक्तवत्।**

भवदीया,

Kanchan

**(कंचन वर्मा)**
**राज्य परियोजना निदेशक**

**पृ0सं0:** गुण0वि0/ प्रिंटरिच सामग्री / 2092 /2024—25 तददिनॉक।

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—**

1. प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष, जिला शिक्षा परियोजना समिति, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
3. शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश, निशातगंज, लखनऊ।
4. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, निशातगंज, लखनऊ।

5. मुख्य विकास अधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
6. प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
7. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
8. खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त जनपद/विकासखण्ड, उत्तर प्रदेश।
9. जिला समन्वयक (प्रशिक्षण), समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

Kanchan

(कंचन वर्मा)
राज्य परियोजना निदेशक

| प्रिंटरिच सामग्री से संबंधी सूची | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कम | विषय | मुद्रित सामग्री का विवरण | संख्या | टिप्पणी |
| 1 | भाषा | कविता - चींटियाँ | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 2 | भाषा | कविता - हाथी | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 3 | भाषा | कविता - अलमारी | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 4 | भाषा | कविता - बरसात | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 5 | भाषा | कविता - काशीफल | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 6 | भाषा | कविता - खीरा -ककड़ी | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 7 | भाषा | कविता - दादा जी के तीन पजामे | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 8 | भाषा | कविता - रेल | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 9 | भाषा | कहानी - जंगल में चुनाव | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 10 | भाषा | कहानी - राम सहाय की साइकिल | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 11 | भाषा | कहानी - पंतग और बकरी | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 12 | भाषा | कहानी - दो चींटियाँ | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 13 | भाषा | कहानी - मेंढक का गाना | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 14 | भाषा | कहानी - लुका-छिपी | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 15 | भाषा | कहानी - आती जाती रेलगाड़ी | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 16 | भाषा | कहानी - पानी की जेल | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 17 | भाषा | चित्र - होली | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 18 | भाषा | चित्र - ट्रैफिक | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 19 | भाषा | चित्र - बरसात | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 20 | भाषा | चित्र - खेल कूद | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 21 | भाषा | चित्र - बाजार | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 22 | भाषा | चित्र - गाँव | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 23 | भाषा | चित्र - मेला | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 24 | भाषा | चित्र - दंगल | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 25 | भाषा | चित्र - खेत | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 26 | भाषा | चित्र - घाट | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 27 | गणित | चार्ट - अन्दर- बाहर और आगे -पीछे /दायें–बायें | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 28 | गणित | चार्ट - मोटा-पतला/ कम - ज्यादा | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 29 | गणित | चार्ट - लंबा या ऊँचा/ हल्का- भारी | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 30 | गणित | चार्ट - दूर- पास/ ऊपर-नीचे | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 31 | गणित | चार्ट - समूह बनायें/ पैटर्न बनायें | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 32 | गणित | चार्ट - संख्या और आकार /विभाजन | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 33 | गणित | चार्ट - 1 से 100 तक गिनती/ शून्य का मतलब | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 34 | गणित | चार्ट - जोड़/ घटाव | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 35 | गणित | चार्ट - संख्याओं की रेलगाड़ी | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 36 | गणित | चार्ट - तकनीक (दैनिक जीवन में तकनीक) | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 37 | गणित | चार्ट - कैलेंडर | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 38 | गणित | चार्ट - भाग या बंटवारा | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 39 | गणित | चार्ट -(गुणा) | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 40 | गणित | चार्ट - 2D आकार/ 3D आकार | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 41 | गणित | चार्ट - संख्या (1-100) | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 42 | गणित | चार्ट - माप, तौल, लम्बाई और धारिता | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 43 | गणित | गणित - अवधारणा बोर्ड | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 44 | गणित | गणित - अवधारणा बोर्ड (स्थानीय मान) | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 45 | गणित | गणित - संख्या बोर्ड | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 46 | गणित | गणित -गिनती सीखने के लिए बोर्ड | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 47 | गणित | गणित -अंक बोर्ड (1-9) | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 48 | गणित | गणित - जोड़ के लिये बोर्ड | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 49 | गणित | गणित - गुणा के लिये बोर्ड | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 50 | गणित | गणित - घटाव के लिये बोर्ड | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |
| 51 | गणित | गणित - टेन फ्रेम | 1 प्रति | गतिविधि के बाद अलमारी में रखें |

**Release Amount for Transportation of Printrich Materials (2024-25)**

Head-NIPUN Bharat Mission : Teaching Learing Materials for implementation of Innovatice pedagogies

| | | | | | ( In Lacs) |
|---|---|---|---|---|---|
| S.No | District | No. of Primary schools | | | To be Release Budget for transportation of printrich materials @ Rs. 0.00075/ Schools |
| | | Primary Schools | Primary with composite school | Total | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | AGRA | 1626 | 434 | 2060 | 1.54500 |
| 2 | ALIGARH | 1380 | 377 | 1757 | 1.31775 |
| 3 | PRAYAGRAJ | 1853 | 610 | 2463 | 1.84725 |
| 4 | AMBEDKAR NAGAR | 1063 | 282 | 1345 | 1.00875 |
| 5 | AMETHI | 1140 | 195 | 1335 | 1.00125 |
| 6 | AURAIYA | 812 | 249 | 1061 | 0.79575 |
| 7 | AZAMGARH | 1724 | 524 | 2248 | 1.68600 |
| 8 | BAGHPAT | 340 | 128 | 468 | 0.35100 |
| 9 | BAHRAICH | 1820 | 614 | 2434 | 1.82550 |
| 10 | BALLIA | 1622 | 361 | 1983 | 1.48725 |
| 11 | BALRAMPUR | 1164 | 387 | 1551 | 1.16325 |
| 12 | BANDA | 1091 | 265 | 1356 | 1.01700 |
| 13 | BARABANKI | 1782 | 369 | 2151 | 1.61325 |
| 14 | BAREILLY | 1690 | 368 | 2058 | 1.54350 |
| 15 | BASTI | 1434 | 301 | 1735 | 1.30125 |
| 16 | BHADOI | 523 | 218 | 741 | 0.55575 |
| 17 | BIJNOR | 1355 | 389 | 1744 | 1.30800 |
| 18 | BUDAUN | 1502 | 297 | 1799 | 1.34925 |
| 19 | BULANDSHAHR | 1100 | 499 | 1599 | 1.19925 |
| 20 | CHANDAULI | 715 | 267 | 982 | 0.73650 |
| 21 | CHITRAKOOT | 812 | 153 | 965 | 0.72375 |
| 22 | DEORIA | 1385 | 468 | 1853 | 1.38975 |
| 23 | ETAH | 1129 | 216 | 1345 | 1.00875 |
| 24 | ETAWAH | 949 | 287 | 1236 | 0.92700 |
| 25 | AYODHYA | 1223 | 300 | 1523 | 1.14225 |
| 26 | FARRUKHABAD | 1007 | 252 | 1259 | 0.94425 |
| 27 | FATEHPUR | 1382 | 485 | 1867 | 1.40025 |
| 28 | FIROZABAD | 1200 | 292 | 1492 | 1.11900 |
| 29 | GAUTAM BUDDHA NAGAR | 297 | 162 | 459 | 0.34425 |
| 30 | GHAZIABAD | 251 | 137 | 388 | 0.29100 |
| 31 | GHAZIPUR | 1463 | 453 | 1916 | 1.43700 |
| 32 | GONDA | 1708 | 482 | 2190 | 1.64250 |
| 33 | GORAKHPUR | 1663 | 465 | 2128 | 1.59600 |
| 34 | HAMIRPUR (U.P.) | 590 | 160 | 750 | 0.56250 |
| 35 | HAPUR | 295 | 131 | 426 | 0.31950 |
| 36 | HARDOI | 2420 | 405 | 2825 | 2.11875 |
| 37 | HATHRAS | 781 | 250 | 1031 | 0.77325 |
| 38 | JALAUN | 959 | 232 | 1191 | 0.89325 |
| 39 | JAUNPUR | 1921 | 469 | 2390 | 1.79250 |
| 40 | JHANSI | 888 | 273 | 1161 | 0.87075 |
| 41 | AMROHA | 786 | 294 | 1080 | 0.81000 |
| 42 | KANNAUJ | 1006 | 194 | 1200 | 0.90000 |
| 43 | KANPUR DEHAT | 1253 | 347 | 1600 | 1.20000 |
| 44 | KANPUR NAGAR | 1163 | 396 | 1559 | 1.16925 |
| 45 | KANSHIRAM NAGAR | 826 | 159 | 985 | 0.73875 |

| S.No | District | No. of Primary schools | | | To be Release Budget for transportation of printrich materials @ Rs. 0.00075/ Schools |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Primary Schools | Primary with composite school | Total | |
| 46 | KAUSHAMBI | 622 | 310 | 932 | 0.69900 |
| 47 | KHERI | 1973 | 727 | 2700 | 2.02500 |
| 48 | KUSHINAGAR | 1640 | 538 | 2178 | 1.63350 |
| 49 | LALITPUR | 866 | 171 | 1037 | 0.77775 |
| 50 | LUCKNOW | 1151 | 197 | 1348 | 1.01100 |
| 51 | MAHARAJGANJ | 1062 | 413 | 1475 | 1.10625 |
| 52 | MAHOBA | 497 | 138 | 635 | 0.47625 |
| 53 | MAINPURI | 1358 | 238 | 1596 | 1.19700 |
| 54 | MATHURA | 948 | 333 | 1281 | 0.96075 |
| 55 | MAU | 763 | 287 | 1050 | 0.78750 |
| 56 | MEERUT | 634 | 266 | 900 | 0.67500 |
| 57 | MIRZAPUR | 1214 | 399 | 1613 | 1.20975 |
| 58 | MORADABAD | 884 | 292 | 1176 | 0.88200 |
| 59 | MUZAFFARNAGAR | 570 | 239 | 809 | 0.60675 |
| 60 | PILIBHIT | 928 | 280 | 1208 | 0.90600 |
| 61 | PRATAPGARH | 1642 | 371 | 2013 | 1.50975 |
| 62 | RAE BARELI | 1677 | 298 | 1975 | 1.48125 |
| 63 | RAMPUR | 970 | 297 | 1267 | 0.95025 |
| 64 | SAHARANPUR | 865 | 405 | 1270 | 0.95250 |
| 65 | SAMBHAL | 815 | 221 | 1036 | 0.77700 |
| 66 | SANT KABIR NAGAR | 803 | 251 | 1054 | 0.79050 |
| 67 | SHAHJAHANPUR | 1823 | 440 | 2263 | 1.69725 |
| 68 | SHAMLI | 384 | 120 | 504 | 0.37800 |
| 69 | SHRAWASTI | 594 | 286 | 880 | 0.66000 |
| 70 | SIDDHARTHNAGAR | 1520 | 404 | 1924 | 1.44300 |
| 71 | SITAPUR | 2367 | 604 | 2971 | 2.22825 |
| 72 | SONBHADRA | 1398 | 406 | 1804 | 1.35300 |
| 73 | SULTANPUR | 1453 | 268 | 1721 | 1.29075 |
| 74 | UNNAO | 1883 | 375 | 2258 | 1.69350 |
| 75 | VARANASI | 790 | 219 | 1009 | 0.75675 |
| | **Total** | **87187** | **24389** | **111576** | **83.68200** |

**Rs. Eighty Three Lakh Sixty Eight Thousand Two Hundred Only/-**

**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जनपद ................**

पत्रांक– /2024–25 दिनांक–

# प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि जनपद........................में निम्नलिखित विवरणानुसार प्रिन्टरिच सामग्री, तालिका एवं शिक्षक प्रशिक्षण हैण्डआउट्स की आपूर्ति की गयी है :–

| कम संख्या | सामग्री का विवरण | | आपूर्तित मुद्रित सामग्री की कुल संख्या | प्राप्ति तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दी (कहानी) **A-2 Size** | 1. जंगल में चुनाव | | |
| | | 2. रामसहाय की साइकिल | | |
| | | 3. पतंग और बकरी | | |
| | | 4. दो चींटियाँ | | |
| | | 5. मेंढक का गाना | | |
| | | 6. लुका–छिपी | | |
| | | 7. आती जाती रेलगाडी | | |
| | | 8. पानी की जेल | | |
| 2 | हिन्दी (कविता) **A-2 Size** | 1. चींटियाँ, | | |
| | | 2. हाथी | | |
| | | 3. अलमारी | | |
| | | 4. बरसात | | |
| | | 5. काशीफल | | |
| | | 6. खीरा–ककड़ी | | |
| | | 7. दादा जी के तीन पजामें | | |
| | | 8. रेल | | |
| 3 | हिन्दी (वार्तालाप चार्ट्स) **A-2 Size** | 1. दंगल | | |
| | | 2. मेला | | |
| | | 3. होली | | |
| | | 4. ट्रैफिक | | |
| | | 5. बरसात | | |
| | | 6. खेल–कूद | | |
| | | 7. बाजार | | |
| | | 8. गाँव | | |
| | | 9. खेत | | |
| | | 10. घाट | | |
| 4 | गणित (09 बोर्ड) **A-4 Size** | 1. अवधारणा बोर्ड | | |
| | | 2. अवधारणा बोर्ड (स्थानीय मान) | | |
| | | 3. संख्या बोर्ड | | |
| | | 4. गिनती सीखने के लिये बोर्ड | | |
| | | 5. जोड़ के लिये बोर्ड | | |
| | | 6. गुणा के लिये बोर्ड | | |
| | | 7. घटाव के लिये बोर्ड | | |
| | | 8. टेन फ्रेम | | |
| | | 9. अंक बोर्ड (1 से 9 तक) | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | गणित (16 पोस्टर्स) **A-2 Size** | 1. भाग या बंटवारा | | |
| | | 2. 2 डी आकार/3 डी आकार | | |
| | | 3. गुणा | | |
| | | 4. संख्या (1–100) | | |
| | | 5. मापतौल, लम्बाई और धारिता | | |
| | | 6. दैनिक जीवन में तकनीक | | |
| | | 7. संख्याओं की रेलगाड़ी | | |
| | | 8. कैलेण्डर | | |
| | | 9. संख्या और आकार/विभाजन | | |
| | | 10. मोटा पतला/कम ज्यादा | | |
| | | 11. लंबा या ऊँचा/हल्का या भारी | | |
| | | 12. दूर–पास/ऊपर–नीचे | | |
| | | 13. अन्दर–बाहर और आगे–पीछे/दायें– बायें | | |
| | | 14. समूह बनायें/पैटर्न बनायें | | |
| | | 15. जोड़/घटाव | | |
| | | 16. 1 से 10 की गिनती/शून्य का मतलब | | |
| 6 | तालिका **A-2 Size** | 1. कक्षा –1 (भाषा) | | |
| | | 2. कक्षा –2 (भाषा) | | |
| | | 3. कक्षा –3 (भाषा) | | |
| | | 4. कक्षा –4 (भाषा) | | |
| | | 5. कक्षा –5 (भाषा) | | |
| | | 6. कक्षा –1 (गणित) | | |
| | | 7. कक्षा –4 (गणित) | | |
| | | 8. कक्षा –3 (गणित) | | |
| | | 9. कक्षा –4 (गणित) | | |
| | | 10. कक्षा –5 (गणित) | | |
| 7 | हैण्डआउट बुकलेट | 1. शिक्षक प्रशिक्षण हैण्डआउट | | |

अभ्युक्ति–

हस्ताक्षर

हस्ताक्षर

जिला समन्वयक (प्रशिक्षण)
जनपद ...............

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जनपद .................

# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय

समग्र शिक्षा Samagra Shiksha

समग्र शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ -226007

निपुण भारत

वेब-साइट: www.basiceducation.up.gov.in, ई-मेल: upefaspo@gmail.com दूरभाष: 0522-4024440, 2780384, 2781128


सेवा में,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक– गुण0वि0/तालिका/3950/2024–25 दिनांक: 01 अगस्त, 2024

विषय– **'निपुण तालिका' के प्रयोग एवं वितरण के सम्बन्ध में दिशा निर्देश।**

महोदय/महोदया,

आप अवगत हैं कि निपुण भारत मिशन तथा गुणवत्ता शिक्षा संवर्द्धन के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। तत्क्रम में कक्षा 1 से 5 तक के लिए हिन्दी व गणित विषय की तालिकायें मुद्रण के उपरान्त उपलब्ध करायी जा चुकी हैं। इसमें विषयवार लर्निंग आउटकम के सापेक्ष विद्यार्थियों की प्रगति को अंकित किया जाना है। निपुण तालिका के प्रयोग के संबंध में दिशा निर्देश निम्नवत् हैं :–

1. तालिका के प्रथम कॉलम में दक्षता सम्प्राप्ति संबंधी लक्ष्य दिये गये हैं। ऊपर की रिक्त पंक्ति (1, 2, 3..................30) में विद्यार्थियों के नाम लिखे जायेंगे। किसी कक्षा में 30 से अधिक विद्यार्थियों के नामांकन होने की दशा में अतिरिक्त तालिका प्रयोग में लायी जाये अथवा तालिका के ठीक दायीं ओर चार्ट पेपर का प्रयोग करते हुये आवश्यकतानुसार अतिरिक्त Column बनाये जायें।
2. प्रत्येक लर्निंग आउटकम के सापेक्ष विद्यार्थियों की प्रगति शिक्षकों द्वारा विभिन्न तरीकों से ज्ञात की जा सकती है यथा–कक्षा शिक्षण के दौरान अवलोकन, समूह कार्य, बोलना, लिखित कार्य आदि या फिर कक्षा स्तरीय टेस्ट आदि फॉरमेटिव आकलन करते समय शिक्षक को इस मूलभूत सिद्धांत को ध्यान में रखना है कि सतत् आकलन शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया का ही एक अभिन्न अंग है। इसलिए शिक्षकों से अपेक्षा है कि शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया के दौरान ही बच्चों की प्रगति का नियमित आकलन किया जाये।
3. जब किसी विद्यार्थी द्वारा तालिका में उल्लिखित लर्निंग आउटकम को प्राप्त कर लिया जाता है, तो शिक्षक द्वारा उस लर्निंग आउटकम के सापेक्ष सम्मुख सेल में उस तिथि को लिखना है, जिस दिन शिक्षक द्वारा इसकी जाँच की गयी है।
4. विद्यार्थी द्वारा जिस लर्निंग आउटकम को प्राप्त नहीं किया गया है, उसके सापेक्ष वाला खाना/सेल रिक्त रहेगा। विद्यार्थी द्वारा उक्त लर्निंग आउटकम प्राप्त किये जाने के उपरान्त उक्त सेल में तिथि अंकित की जायेगी।
5. किसी भी सेल में **क्रॉस का निशान नहीं लगाया जायेगा।**
6. प्रधानाध्यापक द्वारा निपुण तालिका में बच्चों की प्रगति का अनुश्रवण करते हुए संबंधित अध्यापक को आवश्यक फीडबैक प्रदान किया जाये।
7. तालिका किसी निश्चित तिथि तक बच्चों की वास्तविक अधिगम स्थिति के स्तर को दर्शाती है। इससे एक ही दृष्टि में यह पता चलता है कि विषयवार किस लर्निंग आउटकम पर अधिक कार्य करने की आवश्यकता है। उसी के अनुरूप शिक्षक अपनी शिक्षण योजना को संशोधित अथवा सुव्यस्थित कर सकते हैं, जिससे कि विद्यार्थी वर्तमान कक्षा के पाठ्यक्रम से तारतम्यता स्थापित कर सकें।


**Note:** This document is only for the knowledge and bonafide use of the Department of Basic Education, UP Government. Any sharing, publication or reproduction of this document in print or digital form or communication of its contents in any other form by any unconcerned person, body, institute or third party without prior information and approval of the competent authority will be illegal & void ab initio and appropriate action shall be taken against him in accordance with relevant rules & regulations.